# माह जनवरी, 2017 की प्रगति आख्या

**(दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2017 तक)**

**प्रवेश**

- विश्वविद्यालय में प्रथम बार दिनांक 01 जनवरी 2017 से शीतकालीन सत्र में प्रवेश प्रारम्भ किए गये है, जिस हेतु 3000 विवरणिका मुद्रण कर समस्त क्षेत्रीय कार्यालायों को प्रेषित की गई। ऑनलाईन प्रवेश को प्रोत्साहित करने हेतु ऑनलाईल विवरणिका भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट में नि:शुल्क उपलब्ध करायी गई है।
- प्रवेश की अंतिम तिथि फरवरी 28, 2017 है। अद्यतन शीतकालीन सत्र 2016-17 में कुल 1517 छात्रों ने प्रवेश लिया है।

**व्यक्तिगत परीक्षाओं से संबन्धित तैयारियां**

- दिनांक 6-7 जनवरी, 2017 को मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में पुन: समस्त विद्याशाखाओं के निदेशकों तथा संकाय सदस्यों की पृथक-पृथक बैठक आहूत की गयी जिसमें कुलपति जी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्याशाखाओं के अन्तर्गत शामिल सभी विषयों के स्नातक/स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों की पाठ्य सामग्री को अप्रैल 2017 तक प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर ली जाय तथा जिन विषयों की पाठ्य सामग्री तैयार है उनकी मा0 कुलपति जी द्वारा सराहना की गई तथा सुझाव दिया गया कि जिन विषयों के पाठ्यक्रम में परिवर्तन कराया जाना है उसे अध्ययन बोर्ड की बैठक कराकर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।
- विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन/ सम्पादन/ ईकाईयों का आबंटन कार्य किया जा रहा है जिससे स्नातक/स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों की पाठ्य सामग्री को अप्रैल 2017 तक तैयार की जा सके।
- दिनांक 27-28, जनवरी को इतिहास विभाग द्वारा इकाई लेखकों की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इसलामिया विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनेक महाविद्यालयों तथा उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के महाविद्यालयों के 19 विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में ईकाई लेखकों से सम्बन्धित प्रदर्शन (Presentation) भी किया तथा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के इकाई लेखन के गुर भी सिखाये गये। साथ ही विभिन्न इकाई लेखकों को इकाई आबंटित की गई ताकि 2017 तक एम0ए0 प्रथम वर्ष तथा 2018 तक एम0ए0 द्वितीय वर्ष की पाठ्य सामग्री तैयार की जा सके।

**विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गॉव**

- महामहिम श्री राज्यपाल के आदेशानुसार गोद लिए गये गॉवों में विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य विभाग विद्याशाखा द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वहॉ के निवासियों का नि:शुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाऐं वितरित की जा रही है।

- मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय प्रांगण में ग्रामवासियों को उपलब्ध संसाधनों के उपयोग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श देने हेतु एक चिकित्सालय खोले जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

**परीक्षा**

- दिनांक 19/01/2017 से 30/012017 तक 22 परीक्षा केन्दों में सेमेस्टर परीक्षा 2017 सम्पन्न करायी गयी। जिसमें 2600 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए। ये परीक्षाएं नियमानुसार एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। समस्त परीक्षा उत्तरपुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय में संकलित (collect) कर लिया गया है एवं शीघ्र ही परीक्षा परिणाम घोषित किए जायेगें।
- विश्वविद्यालय वार्षिक /सेमेस्टर परीक्षा 2016 के दौरान नकल में पकड़े गये 148 परीक्षार्थीयों के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय नियमानुसार निर्णय लिया गया तथा समस्त UFM प्रकरण निस्तारित किए गए।
- बी0एड विशिष्ट शिक्षा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षाफल 04 जनवरी 2017 को घोषित किया गया।
- जनवरी माह में 361 मूल उपाधियॉ, 55 अन्तरिम उपाधियॉ व वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 से सम्बन्धित समस्त अंकपत्रों को वाहक/डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया।

**अन्य गतिविधियॉ**

- भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) की जनवरी 16-22, 2017 की साप्ताहिक पत्रिका में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में माननीय श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड द्वारा गये दीक्षान्त भाषण का प्रकाशन हुआ।
- दिनांक 17 जनवरी 2017 को प्रबंध के शोधार्थियों के लिए विभागीय शोध समिति (RDC) की बैठक विश्वविद्यालय सभागार में, प्रोफेसर आर0 सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में संकाय सदस्यों तथा दो वाह्य विशेषज्ञों- प्रो0 एस0 पी0 सिंह, फैकल्टी, प्रबंध अध्ययन, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरीद्वार एवं प्रोफेसर निती अग्रवाल, अध्यापक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- दिनांक 19 जनवरी 2017 को व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा के अंतर्गत कौशल विकास से जुड़े प्रमाणपत्र तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नये दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाने हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर विचार करने हेतु समस्त निदेशकों की एक बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 26 जनवरी 2017 को, देश का 68वां गणतन्त्र समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव द्वारा झण्डारोहण व सामूहिक राष्ट्रीय गान के उपरांत विगत स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त 2016) से अब तक की प्रगति एवं उपलब्धियों की आख्या प्रस्तुत की गई।
- दिनांक 27 जनवरी, 2017 को विश्वविद्यालय में संचालित आधार पाठ्यक्रम (FHVA) की अध्ययन सामग्री का निर्माण कराये जाने हेतु मानविकी विद्याशाखा विभाग द्वारा प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल निदेशक, मानविकी के संयोजन में बैठक आयोजित करायी गई जिसमें दो वाह्य विशेषज्ञ भी आमंत्रित थे।

- मा. राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय द्वारा राज्य विश्वविधालयों को “Governor' Best University Award” दिए जाने के क्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविधालय द्वारा मूल्यांकन वर्ष 2016 में माह दिसम्बर, 2016 तक किए गए कार्यों के सापेक्ष 24 बिन्दुओं पर विश्वविधालय के सम्बन्ध में बिन्दुवार सूचना दिनांक 28/01/2017 को सचिवालय, राजभवन देहरादून को प्रेषित की गई |
- दस दिवसीय योग कार्यशाला के समापन के पश्चात् दिनांक 30 जनवरी 2017 बासुदेव आश्रम भूपतवाला, हरिद्वार में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में डिप्लोमा/स्नातक प्रथम वर्ष (DYN/BYN 1st year) के 209 विद्यार्थियों ने प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रतिभाग किया। कार्यशाला में दिंनाक 27/01/2017 को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० नागेश्वर राव द्वारा प्रात: 6:00 बजे विद्यार्थियों को योग पाठ्यक्रमों की आवश्यकता एवं योग पाठ्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला।
- तकनीकी सत्रों में देश के अलग-अलग संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से आये विषय विशेषज्ञों का लाभ प्रतिभागियों को मिला। इस में प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज , विभागाध्यक्ष योग विभाग, गुरूकुल कागंडी विश्वविद्यालय हरिद्वार ,प्रोफेसर जी० डी० शर्मा जी, विभागाध्यक्ष योग विभाग पंतजली विश्वविद्यालय हरिद्वार , डा० सुरेन्द्र त्यागी, योग विभाग गुरूकुल कागंडी विश्वविद्यालय हरिद्वार, डा० उधम सिहं, योग विभाग गुरूकुल कागंडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, डा० अमृत लाल गुरूर्वेद्र, योग विभाग देव सर्स्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, डा० विजय विजय कुमार, योग विभाग देव सस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, डा० सरस्वती काला, वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक,देहरादून , डा० महेन्द्र पतं, दून मेडिकल कालेज देहरादून, डा० डी० एन० शर्मा ,वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। विषय विशेषज्ञों के साथ –साथ सफल संचालन के लिए 15 योग प्रशिक्षकों / सहायक योग प्रशिक्षकों का लाभ विद्यार्थियो को प्राप्त हुआ। कार्यशाला का सफल संचालन डा० भानु प्रकाश जोशी, विभागाध्यक्ष, योग विभाग के दिशा-निर्देशों में किया गया। इसके अतिरिक्त छ: मासिक विद्यार्थियो की प्रयोगात्मक परीक्षा 27/01/2017 वेद निकेतन धाम हरिद्वार तथा दिनांक 30/01/2017 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई।

- दिनांक 31 जनवरी 2017 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में मुक्त विश्वविद्यालयों की समस्याओं पर विचार विमर्श करने हेतु मा0 कुलपति द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विश्वविद्यालय की समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया।
- डॉ सूर्यभानसिंह, सहायक प्रध्यापक, राजनीति विज्ञान द्वारा शोध पत्र- “Emerging trend in Indo-Nepal relations”(भारत नेपाल सम्बन्ध : उभरती प्रवृत्तियां) का GLOBAL JOURNAL FOR RESEARCH ANALYSIS नामक पत्रिका में प्रकाशन हुआ (ISSN Number- 2277-8160)
- माह जनवरी में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन, विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, शैक्षिक वर्ष 2016-17 में प्रवेश प्रक्रिया,

विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

................................